## खबर संक्षेप

### मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर मंडला में 12 जून को भव्य आयोजन

**मण्डला।** केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंडला में 12 जून को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर पत्रकार वार्ता, प्रदर्शनी और प्रोफेशनल मीट का आयोजन होगा, जिसमें मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि और पीएचई कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके उपस्थित रहेंगी। दोपहर 3 बजे भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की जाएगी, जिसमें सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों पर चर्चा होगी। दोपहर 4 बजे नगर पालिका परिसर में मोदी सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जाएगा।शाम 4.30 बजे नगर पालिका टाउन हॉल में प्रोफेशनल मीट का आयोजन होगा जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्धजन उपस्थित होंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम और नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा शामिल होंगे।

### महाआरती ट्रस्ट में शामिल दो नये सदस्य

**मण्डला।** नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट में बुधवार को दो नये ट्रस्टी सदस्य शामिल हुए। कटनी के समाजसेवी श्री अतुल गुप्ता और मण्डला के आईसर ट्रेक्टर/काव्या ट्रेक्टर्स के प्रोपाइटर श्री बसंत पटेल ने कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा को नमामि नर्मदे महा आरती ट्रस्ट के पक्ष में आजीवन सदस्यता शुल्क के चैक प्रदान किये। दोनों समाजसेवी सदस्यों ने जिला परिवहन अधिकारी श्री बिमलेश गुप्ता की उपस्थिति में ट्रस्ट की सदस्यता ग्रहण की।

## स्थानीय स्तर पर स्थानांतरण आदेश ने खड़े किए कई सवाल

# एक ही पद पर दो के स्थानांतरण

*** जिला प्रशासन से जांच की मांग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जिला शिक्षा केन्द्र, समग्र शिक्षा अभियान, मंडला द्वारा 28 मई 2025 को जारी किए गए एक स्थानांतरण आदेश ने शिक्षाजगत में असंतोष की स्थिति उत्पन्न कर दी है। आदेश के अनुसार, श्रीमती सुनीता मार्को, एम.आई.एस. कॉर्डिनेटर, जनपद शिक्षा केन्द्र मवई को पारिवारिक कारणों से स्वेच्छा से जनपद शिक्षा केन्द्र बीजाडांडी में आगामी आदेश तक स्थानांतरित किया गया। आदेश में उल्लेख है कि यह स्थानांतरण कलेक्टर सह मिशन संचालक की स्वीकृति से किया गया है।


हालांकि, विवाद की स्थिति तब उत्पन्न हुई जब राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल द्वारा 3 जून 2025 को एक अलग आदेश क्रमांक/ राशिके/स्था./2025 /2588 जारी किया गया। यह आदेश 30 मई 2025 को राज्य स्तरीय नियुक्ति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय पर आधारित था, जिसमें श्री पुष्किन अरोड़ा, एम.आई.एस. कॉर्डिनेटर, जनपद शिक्षा केन्द्र मेहदवानी (जिला डिण्डोरी) को संविदा नियुक्ति के तहत बीजाडांडी, मंडला में पदस्थ किया गया।

प्रश्न यह उठता है कि जब बीजाडांडी में एम.आई.एस. कॉर्डिनेटर का पद राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा रिक्त दर्शाया गया था, और समिति की बैठक 30 मई को प्रस्तावित थी, तो फिर जिला स्तर से 28 मई को स्थानांतरण आदेश किस आधार पर जारी किया गया? क्या जिला परियोजना समन्वयक (DPC) को राज्य स्तर की प्रक्रिया की जानकारी नहीं थी, या जानबूझकर राज्य स्तर से प्रस्तावित नियुक्ति को प्रभावित करने का प्रयास किया गया?

स्थानीय जनमानस एवं शिक्षाकर्मियों में यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि बीजाडांडी के रिक्त पद को जल्दबाजी में भरकर राज्य की चयन प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास हुआ। यदि ऐसा हुआ है तो यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि पारदर्शिता और निष्पक्षता पर भी प्रश्नचिन्ह खड़े करता है।

इस पूरे मामले में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की भूमिका संदेह के घेरे में है। कई शिक्षाकर्मी, कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि और जागरूक नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकरण की निष्पक्ष, सूक्ष्म एवं समयबद्ध जांच करवाई जाए। यदि स्थानांतरण आदेश नियम विरुद्ध पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाए।

यह प्रकरण न केवल एक स्थानांतरण का मामला है, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की कसौटी भी है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस पर क्या रुख अपनाता है।


कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र, समग्र शिक्षा अभियान, मंडला
मंडला, दिनांक 28-05-25
आदेश


कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र, समग्र शिक्षा अभियान, मंडला
मंडला, दिनांक 28-05-25
आदेश


राज्य शिक्षा केन्द्र
आदेश

## परीक्षा परिणाम में गिरावट पर अनुशासनात्मक कार्यवाही



*** प्राचार्य की वेतनवृद्धि रोकी गई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शासकीय हाई स्कूल, घटेरी (विकासखंड नैनपुर, जिला मण्डला) में कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में भारी गिरावट को लेकर कमिश्नर, जबलपुर संभाग ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य गुरुदेव प्रसाद झारिया की आगामी एक वेतनवृद्धि को असंचयी प्रभाव से रोकने का आदेश जारी किया है।

जिला कलेक्टर द्वारा आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में वर्ष 2023-24 का परीक्षा परिणाम केवल 18.75 प्रतिशत पाया गया, जबकि पिछले सत्र 2022-23 में यह 76 प्रतिशत था। इस वर्ष 32 विद्यार्थियों में से केवल 6 ही उत्तीर्ण, 6 पूरक में तथा 20 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे। यह प्रदर्शन अत्यंत खेदजनक मानते हुए प्राचार्य के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की गई।

कारण बताओ नोटिस के उत्तर में श्री झारिया ने बताया कि उन्हें शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नैनपुर का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया था, जो विकासखंड का सबसे बड़ा विद्यालय है। उन्होंने कार्य की अधिकता के कारण घटेरी विद्यालय को पर्याप्त समय न दे पाने की बात स्वीकारते हुए एक माध्यमिक शिक्षक को सौंपने की जानकारी भी दी।

हालांकि, समक्ष सुनवाई और प्रस्तुत उत्तरों की जांच के उपरांत संभागीय आयुक्त ने पाया कि श्री झारिया ने अपने पदीय दायित्वों का समुचित निर्वहन नहीं किया और विद्यालय संचालन में लापरवाही बरती, जिससे परीक्षा परिणाम में इतनी गिरावट आई।

इसलिए, मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के अंतर्गत यह अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई और इसके साथ ही यह प्रकरण समाप्त घोषित किया गया है।

सूत्रों के अनुसार, श्री झारिया अभी भी पुराने रवैये पर कायम हैं। जानकारी के अनुसार इस माह वे केवल तीन दिन ही विद्यालय आए हैं, जबकि स्कूल शीघ्र ही बच्चों के लिए खुलने वाला है। ऐसे में विद्यालय की व्यवस्था चरमराई हुई है। यदि यही स्थिति बनी रही, तो आगामी सत्र की स्थिति और भी चिंताजनक हो सकती है।

# 24 घंटे के भीतर अपहृत बालक सकुशल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनांक 09.06.2025 की रात लगभग 11 बजे थाना खटिया अंतर्गत चौकी टाटरी क्षेत्र के ग्राम भरवेली निवासी परिजनों द्वारा अपने नाबालिग बालक के अपहरण की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस द्वारा तत्काल तत्परता से कार्यवाही करते हुए नाबालिग बालक की तलाश प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की गिरफ्तारी एवं नाबालिग के सकुशल तलाश हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एसडीओपी नैनपुर मनीष राज के निर्देशन में थाना खटिया एवं चौकी प्रभारी टाटरी उप निरीक्षक पुनीत बाजपेयी के नेतृत्व में अलग अलग टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा संभावित स्थानों पर लगातार दबिश भी दी गयी। साथ ही प्रकरण में तकनीकी टीम को विश्लेषण हेतु लगाया गया एवं मुखबिर सूचना तंत्र भी सक्रिय किये गये। पुलिस द्वारा घटना की सूचना के बाद से ही अलग अलग पुलिस टीमों एवं सायबर सेल की टीम द्वारा लगातार कार्य करते हुए संयुक्त प्रयासो से 24 घंटे के भीतर अपहृत बालक को छत्तीसगढ़ से सकुशल बरामद किया गया। साथ ही मामले में संलिप्त दो आरोपी को गिरफ्तार एवं शामिल अन्य 17 वर्षीय अपचारी बालक के विरुद्ध विधि अनुसार कार्यवाही की गयी।



मामले में यह घटना क्रम निकल कर सामने आया थाना खटिया की चौकी टाटरी के ग्राम भरवेली निवास आरोपी लकी तिवारी पिता पंचम तिवारी उम्र 25 वर्ष से लड़की ने शादी से मना करने पर अपने दो साथी प्रहलाद यादव पिता मत्थुलाल यादव उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम भरवेली एवं बाल अपचारी ग्राम भरवेली चौकी टाटरी के साथ मिलकर लड़की के 12 वर्षीय भाई के अपहरण की साजिश रची एवं अपहरण कर बोलेरो कार में बंधक बनाकर रखा, दोनों आरोपी एवं बाल अपचारी ने अपहृत बालक को 24 घण्टे घुमाते रहे। साथ ही आरोपियों से घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन एवं 02 मोबाईल को जब्त भी किया गया।

उपनिरीक्षक पुनीत वाजपेयी, उनि. अतुल वासनिक, सउनि. गणेश चौधरी, प्र.आर. पुशाम मेजर प्र.आर. आवधेश तिवारी, आरक्षक प्रभात, आर. मोहित, आर. संजय, आर. टेकराम, आर. गोविन्द, आर. सुरेन्द्र, आर. आखिलेश, एवं सायबर सेल की टीम की भूमिका रहीं। पुरी टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरकृत करने की घोषणा की गयी।

## गौतम खट्टर के आगमन को लेकर तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



14 जून दिन शनिवार को नगर मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गौतम खट्टर का आगमन हो रहा है। यहां पर वे एक सभा को संबोधित करेंगे। श्री खटटर के आगमन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। नगर में फ्लेक्स आदि लगाए जा रहे हैं। बता दें कि गौतम खट्टर एक युवा भारतीय पत्रकार, लेखक और यूट्यूबर हैं जो भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म पर अपने आकर्षक भाषणों के लिए जाने जाते हैं। 4 फरवरी 2000 को दिल्ली में जन्मे और उत्तराखंड के हरिद्वार में पले-बढ़े गौतम खट्टर ने अपनी सोशल मीडिया मौजूदगी के लिए पहचान बनाई खासकर हिंदु संस्कृति पर केंद्रित उनके वीडियो के लिए जिन्हें लाखों बार देखा गया है। उन्होंने गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय और देव संस्कृति विश्वविद्यालय से पत्रकारिता और जनसंचार में उच्च शिक्षा प्राप्त की। खट्टर आर्य समाजी विचारधारा के अनुयायी और महर्षि दयानंद सरस्वती के कट्टर शिष्य भी हैं। 2021 में उन्हें भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में उनके योगदान के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया था। समाजिक कार्यकर्ता अजय वंशकार ने बताया कि गौतम खट्टर अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हिन्दू विचार धारा के कार्यकर्ता है जिनके ओजस्वी उद्बोधन पूरे देश में चर्चा में बने रहते हैं। इन्हे हम यूट्यूब फैसबुक इंस्टाग्राम या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सुनते आए हैं ऐसे ओजस्वी तेजस्वी वक्ता का 14 जून को मंडला आगमन हर्ष का विषय है। श्रेष्ठ भारत अजेय भारत के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्री खट्टर आ रहे हैं। इसके साथ ही अन्य कार्यक्रम भी तैयार किए जा रहे हैं कार्यक्रम स्थल बंधन मैरिज लोन डिंडोरी रोड में किया गया है। जहां पर कार्यक्रम उपरांत जिले के रक्तदाता और समाजसेवियों का सम्मान भी किया जाएगा। उक्त जानकारी समाजसेवी अजय वंशकार द्वारा दी गई।

**अनदेखी** | कथित लापरवाह कर्मचारियों पर विभागीय अधिकारी मेहरबान।

# अवैध सागौन कटाई पर नहीं हो रही कार्यवाही


*** अवैध कटाई का मामला ठंडे बस्ते में।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले के पश्चिम सामान्य मंडल अंतर्गत मंडला रेंज के बकौरी जंगल में अवैध रूप से 12 सागौन के पेड़ों की कटाई का गंभीर मामला सामने आया है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद वन विभाग ने महज औपचारिकता निभाते हुए अज्ञात आरोपियों पर मामला दर्ज किया और सागौन की लकड़ी जब्त कर ली। लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस मामले में मौके पर तैनात किसी भी कर्मचारी पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, वन परिक्षेत्र अधिकारी कार्यालय मंडला (सामान्य) द्वारा पत्र क्रमांक/स्टेनो/सू.अ.अ./फाइल नं.-01/2025/965 दिनांक 04/06/2025 में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि बकौरी क्षेत्र अंतर्गत हजारी दादर के कूप क्रमांक 164 में 12 सागौन वृक्षों की अवैध कटाई अज्ञात अपराधियों द्वारा की गई थी। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पी.ओ.आर. प्रकरण क्रमांक 22782/05 दिनांक 13.01.2025 के तहत सागौन की 64 नग वनोपज (7.095 घन मीटर) जब्त की गई, तथा जांच कार्यवाही अभी जारी है।

हालांकि इस कार्यवाही में किसी भी बीट प्रभारी या क्षेत्रीय कर्मचारी पर कोई दायित्व तय नहीं किया गया है, जिससे यह आशंका गहराती है कि विभागीय मिलीभगत के चलते ही ऐसी घटनाएं दोहराई जा रही हैं।


कार्यालय वन परिक्षेत्र अधिकारी मण्डला (सा.)

### वन संरक्षण में लापरवाही और नियमों की अनदेखी

वन विभाग के नियम स्पष्ट रूप से यह कहते हैं कि संबंधित कर्मचारी को अपने बीट क्षेत्र में निवास कर वन क्षेत्र की निगरानी करनी चाहिए। लेकिन मंडला रेंज में अधिकांश कर्मचारी शहरों में रहकर जंगलों की निगरानी कर रहे हैं, जिससे रात के समय कोई सुरक्षा नहीं होती। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, कर्मचारी दिन में सड़क पर घूमते दिखाई देते हैं और शाम होते ही वापस शहर लौट जाते हैं, जिससे अवैध कटाई करने वालों को खुली छूट मिल जाती है।

### अन्य जिलों में सख्ती, मंडला में ढिलाई

राज्य के अन्य जिलों में यदि एक भी पेड़ अवैध रूप से काटा जाता है तो संबंधित कर्मचारी पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाती है—जैसे वेतनवृद्धि रोकना या निलंबन—ए मंडला रेंज में अज्ञात के नाम पर प्रकरण दर्ज कर खानापूर्ति की जाती है। इससे स्पष्ट है कि यहां विभागीय अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के प्रति कुछ ज्यादा ही उदार हैं।

### जरूरी है निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच

अगर इस स्थिति में जल्द सुधार नहीं किया गया, तो वनों का सफाया तय है। अधिकारियों द्वारा लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई न करना विभागीय मिलीभगत को दर्शाता है। ऐसी स्थिति में आवश्यक है कि उच्च स्तर पर स्वतंत्र जांच कर दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि वनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## नियमित रूप से लगाएं राजस्व न्यायालय-प्रमुख सचिव

*** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




प्रमुख सचिव राजस्व विवेक कुमार पोरवाल ने समस्त कलेक्टर्स को वीसी के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एक ही परिसर में लग रहे समकक्ष राजस्व न्यायालयों को मर्ज करने की कार्यवाही कराएं। साथ ही यह सुनिश्चित कराएं कि रेवेन्यू कोर्ट नियमित रूप से लगाए जाएं। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग की ओर से संचालित किए जा रहे 12 पटवारी ट्रेनिंग स्कूल के स्थान पर अब केवल भोपाल एवं उज्जैन के 2 पटवारी ट्रेनिंग स्कूल संचालित किए जाएंगे। अधीक्षक भू-अभिलेख तथा सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख के पदों को क्रमशः तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार की पदों में मानकीकरण किया जा रहा है। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयुक्त भू-संसाधन प्रबंधन, राजस्व न्यायालय, अधिनस्थ न्यायालयों की मॉनिटरिंग, राजस्व आयुक्त, आयुक्त भू-अभिलेख कार्यालय एवं अधिनस्थ कार्यालयों का पुनर्गठन, फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना, जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को राजस्व अभिलेखों में दर्ज करना, एनडीएमआईएस, आ ई ए फ ए म आ ई ए स, बाढ़/अतिवर्षा से निपटने के लिए पूर्व तैयारियाँ, पीएम किसान सम्मान निधि तथा साईबर तहसील के विषय में चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। राजस्व विभाग की इस पाक्षिक वीडियो कॉन्फ्रेंस में जिला एनआईसी कक्ष से कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, तहसीलदार मंडला श्री हिमांशु भलावी, तहसीलदार बम्हनी वृत श्री हीरालाल तिवारी, तहसीलदार अंजनिया श्री अजय श्रीवास्तव सहित संबंधित उपस्थित थे।

# घर में लगी आग, 68 वर्षीय चैतू सिंह मरावी की जलकर हुई दर्दनाक मृत्यु

# मोहरा कला गांव में आग की चपेट में आए वृद्ध की मौत

शहपुरा। डिंडौरी जिले के शहपुरा थाना अंतर्गत मोहरा कला गांव में मंगलवार रात एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें 68 वर्षीय वृद्ध चैतू सिंह मरावी की जलकर मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार चैतू सिंह अपने घर में सो रहे थे, तभी अज्ञात कारणों से अचानक घर में आग लग गई। आग की लपटें तेज़ होने से वृद्ध बाहर नहीं निकल पाए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।शहपुरा पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने के कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस ने बताया कि घटना की विस्तृत जांच की जा रही है और जल्द ही आग लगने के पीछे की वजह सामने लाई जाएगी।इस हृदयविदारक घटना से गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों और प्रशासन ने मृतक के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।



## बुलेट वाहन चालकों पर यातायात हाईवे चौकी ने की कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर बाइक चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कार्यबाही करने के निर्देश जारी किए गए है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के मार्गदर्शन में यातायात हाईवे चौकी द्वारा ऐसे वाहन चालकों पर विशेष अभियान चलाकर चेकिंग की गई एवं एक दर्जन से अधिक वाहनो को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान मॉडिफाइड साइलेंसर पाए जाने पर वाहन चालको पर जुर्माना लगाया गया। कार्यवाही का उद्देश्य साइलेंसर के माध्यम से ध्वनि प्रदुषण कर रहे वाहन चालको पर कार्यवाही कर आमजन को सुरक्षित यातायात मुहिया कराना है। मॉडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनो पर यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## अदाणी कोल ब्लॉक लामाटोला परियोजना मे प्रोजेक्ट साइड हेड बने श्यामजी चतुर्वेदी



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले के कोतमा विधानसभा अंतर्गत अदाणी कोल ब्लॉक लामाटोला परियोजना मे प्रोजेक्ट साइड हेड के रूप में श्यामजी चतुर्वेदी की नियुक्ति अदाणी कंपनी के द्वारा किया गया है। बता दें कि श्यामजी चतुर्वेदी इससे पहले अनूपपुर जिले के दो अन्य कोल ब्लॉक परियोजना को चालू करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। श्यामजी ना सिर्फ अडानी कोल ब्लॉक के परियोजना प्रमुख हैं बल्कि कानून विदा के साथ अधिवक्ता का अनुभव रखते हैं एवं न्याय और क़ानूनी गतिविधियों मे अच्छी पकड़ रखते हैं। श्यामजी शहडोल संभाग के शहडोल जिले के रहने वाले है तथा क्षेत्र के विकास और क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिल सके इसके लिए सतत प्रयास करते रहते हैं।

## सड़क दुर्घटना में मृत्यु पर आर्थिक सहायता मंजूर

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनूपपुर के प्रतिवेदन के आधार पर मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के प्रावधान के तहत ग्राम बकही एन.एच. 43 में सड़क दुर्घटना में ग्राम खमरौध तहसील बुढ़ार जिला शहडोल के श्री विकास साहू की मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वैध वारिस को 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

## स्थानांतरित शासकीय सेवकों को बिना रिलीवर ना किया जाए भारमुक्त

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आदेश जारी कर कहा है कि मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारियों/ कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति जारी की गई है। स्थानांतरण नीति की कण्डिका 14 में यह स्पष्ट किया गया है कि अनुसूचित क्षेत्रों से गैर अनुसूचित क्षेत्रों में स्थानांतरित शासकीय सेवकों को तब तक भारमुक्त न किया जाए, जब तक कि उनके स्थान पर पदस्थ अधिकारी/ कर्मचारी द्वारा पदभार ग्रहण न कर लिया गया हो। कलेक्टर ने कहा है कि विशेष मामलों में रिलीवर के बिना भारमुक्त के लिए उनकी अनुमति आवश्यक होगी।

## वितरण केन्द्र जैतहरी के विभिन्न फीडरों में 12, 14 व 15 जून को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) ने बताया है कि विद्युत वितरण केन्द्र जैतहरी अंतर्गत स्थापित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र जैतहरी, वेंकटनगर, खूंटाटोला एवं चोरभठी से निकलने वाली 11 के.व्ही. फीडरों के विद्युत लाईनों का प्री-मानसून रखरखाव करने हेतु मेन्टेनेंस कार्य किया जाएगा। इस कार्य के प्रभावी रूप से सम्पादन हेतु 12 जून को सिवनी फीडर अंतर्गत गोधन, पाटन, चोरभठी, उमरिया, सिवनी, बलबहरा में, 14 जून को पोंड़ी फीडर अंतर्गत सिंघौरा, पोंड़ी, सुलखारी, लहसुना, कपरिया में तथा 15 जून को चोलना/टाउन फीडर अंतर्गत खूंटाटोला, चोलना, कुकुरगोड़ा, पपरौड़ी, छातापटपर, जरियारी में प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहेगी। कार्य के अनुसार विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहने की समयावधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

## विश्व पर्यावरण पखवाड़ाः एक पेड़ मां के नाम अभियान



**शहपुरा।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय शहपुरा में विश्व पर्यावरण पखवाड़ा के अंतर्गत ₹एक पेड़ मां के नाम अभियान₹ के तहत पौधारोपण किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर स्वीटी यादव के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉक्टर एल.एन.साहू और सहायक प्राध्यापकों के द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है।

### अभियान के उद्देश्य:

पर्यावरण की सुरक्षा और संधारण
प्राण वायु के शुद्धिकरण के लिए पौधारोपण
- शासन की पहल को समर्थन और सहयोग

### एनएसएस की भूमिकाः

राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई छात्रों के द्वारा प्रतिदिन एक पौधा ₹एक पेड़ मां के नाम₹ के अंतर्गत लगाया जा रहा है। यह अभियान पर्यावरण विकास के लिए सराहनीय कार्य है।

### शासन की पहल

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं कार्यक्रम समन्वयक रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर मध्य प्रदेश के आदेश के परिपालन में यह अभियान चलाया जा रहा है।

## झारिया युवा संघ मध्य प्रदेश कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

### कार्यक्रम में डिंडोरी जिला के सामाजिक बंधु भी रहे उपस्थित



**शहपुरा।** झारिया युवा संघ मध्य प्रदेश की जिला शाखा सिवनी की जिलास्तरीय कार्यकारिणी गठन का कार्यक्रम समनापुर लखनादौन स्थित सामुदायिक भवन में किया गया सर्वसम्मति से नवनियुक्त कार्यकारिणी का गठन करके शपथ ग्रहण करवाई गई इस अवसर पर संगठन के प्रांतीय संरक्षक आदरणीय संतोष झारिया की उपस्थिति में प्रांतीय संगठन सचिव एवं कार्यकारिणी गठन हेतु सिवनी जिला प्रभारी अंकित झारिया, प्रांतीय मीडिया प्रभारी लक्ष्मण झारिया के द्वारा कार्यक्रम की रूप-रेखा तैयार की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता राधेश्याम झारिया के द्वारा की गई,सिवनी समाज संगठन के संरक्षक दयाराम झारिया, वरिष्ठजन राजकुमार झारिया, सुमंत झारिया, घनश्याम झारिया, कैलाश झारिया, रामकरण झारिया, इमरत झारिया, सुनील झारिया,विनोद झारिया की उपस्थिति में आनंद झारिया (सुनवारा)को जिलाध्यक्ष, उपाध्यक्ष दीपक झारिया (कान्हीवाड़ा) , जितेन्द्र झारिया (केदारपुर) , कार्तिक झारिया (घंसौर),सचिव राजा बाबू झारिया (केवलारी), सह सचिव पुष्पराज झारिया (सुनवारा), कोषाध्यक्ष विनय झारिया (लखनादौन), सोशल मीडिया प्रभारी एवं जिला सदस्य के रूप में सौरभ झारिया (छींदा) (केवलारी) , शालिग्राम झरिया (घंसौर),देवेंद्र झारिया (छपारा झिरी),गोविंद झारिया (आदेगांव मोहगांव),विनय झारिया (कुरई ),निलेश झारिया (बरघाट) को दायित्व सौंपे गये। कार्यक्रम मे सिवनी जिले के गांव गांव से समाजिक बंधु पहुंच कर अपनी सहभागिता प्रदान की इस अवसर पर विशेष रूप से रामगुलाम झारिया,हितेश हरियाली सीताराम झारिया,रूप कुमार झारिया,रामचंद्र झारिया,राजाराम झारिया,रामदास झारिया,रामकृष्ण झारिया, विजय झारिया, यशवंत झारिया,धनीराम झारिया,राम प्रसाद झारिया, शिवकुमार झारिया के साथ भरी संख्या में सामाजिक स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

## सारसड़ोली गांव में हुआ भीषण सड़क हादसा,मेंहदवानी पुलिस कर रही जांच

**डिंडौरी।** जिले के मेंहदवानी थाना क्षेत्र अंतर्गत सारसड़ोली गांव में बुधवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बोलेरो वाहन और 407 ट्रक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदवानी पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहनों की रफ्तार तेज थी, जिससे टक्कर इतनी भीषण हुई कि वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।वहीं मेंहदवानी पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।




## हाइवे किनारे बन रही नाली में आई दरारें, घटिया निर्माण से ग्रामीण नाराज़

### ग्राम मोहतरा में निर्माण कार्य पर उठे सवाल, बारिश में ढहने की आशंका

**बजाग।** जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे निर्माण के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के किनारे दोनों ओर नालियों का निर्माण कार्य जारी है, लेकिन ग्राम मोहतरा से सामने आए हालिया मामले ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि नाली निर्माण में ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है और निर्माण मापदंडों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि नाली की ढलाई के दिन ही उसके ऊपरी हिस्से में दरारें दिखाई देने लगी थीं, जिससे आने वाले समय में इसके क्षतिग्रस्त हो जाने की पूरी संभावना है।

ग्रामीणों को आशंका है कि यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ, तो बरसात में यह कमजोर निर्माण कार्य धराशायी हो सकता है, जिससे क्षेत्र में गंदगी और जलभराव की समस्या उत्पन्न हो सकती है।स्थानीय लोगों में ठेकेदार की कार्यशैली को लेकर भारी असंतोष है और उन्होंने मांग की है कि नाली का निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण सामग्री और तकनीकी मानकों के अनुरूप कराया जाए, ताकि आमजन को दीर्घकालिक सुविधा मिल सके।

## नगर में जगह-जगह ट्रांसफार्मर के नीचे दुकान, पावरकॉम अंजान



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर में जगह-जगह लगाए गए बिजली के ट्रांसफार्मर के नीचे लगाई जा रही खाने-पीने सहित कपड़े एवं सब्जी ठेले की दुकानें किसी भी वक्त बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं। लोगों द्वारा मोल लिए जा रहे इस खतरे के प्रति पावरकॉम जरा भी गंभीर नहीं है। अगर ऐसे किसी भी ट्रांसफार्मर में स्पार्किंग हो गई तो कितना जानी-माली नुकसान होगा इसका अंदाजा लगाना मुश्किल होगा। गर्मियों में ट्रांसफार्मर पर लोड ज्यादा रहता है, इसके कारण स्पार्किंग होने की संभावना अधिक रहती है। नगर में शायद ही कोई ऐसा ट्रांसफार्मर बाकी हो जिसके नीचे दुकान न चल रही हो। खास बात तो यह है कि इसके लिए न तो मंजूरी ली जाती है और न ही किसी हादसे से निपटने के लिए कोई व्यवस्था होती है। नगर की अधिकांश मेन रोड सहित बाजार एरिया पर लगे बिजली के तार और उनके खुले डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स ज्यादा खतरनाक साबित हो सकते हैं। कई ऐसे ट्रांसफार्मर हैं, जिनकी कंडीशन काफी खराब है। फैंसिंग न होने के कारण इसकी तारें भी खुली हैं। अगर समय रहते इनको नहीं बदला गया तो ये ट्रांसफार्मर कभी भी फट सकते हैं। कई ट्रांसफार्मरों की फैंसिंग नहीं होने से ये खतरनाक बने हुए हैं। इतना ही नहीं बिजली विभाग के नियमानुसार ट्रांसफार्मरों के पास चेतावनी बोर्ड होने चाहिए। लेकिन नगर के अधिकतर ट्रांसफार्मर ऐसे हैं, जहां चेतावनी बोर्ड नहीं लगाए गए।

### नियमानुसार होना यह चाहिए

ट्रांसफार्मरों की उंचाई जमीन से कम से कम 10 फीट ऊंची होनी चाहिए। अगर चबूतरे में ट्रांसफार्मर रखा हो तो उसके आसपास घेराबंदी की जाए। भीड़भाड वाले इलाके में ट्रांसफार्मर के पास चेतावनी लिखा बोर्ड जरूर लगाना चाहिए। ट्रांसफार्मर के नीचे और सटकर दुकान, मकान, रेहड़ी फड़ी लगाने पर प्रतिबंध होना चाहिए। नगर के गांधी चौक में तो दुकानदार हद पार कर दिए हैं। ट्रांसफार्मर के नीचे सटाकर दुकान सजाई जा रही है। गर्मी का मौसम होने के कारण कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है।

### इनका कहना है

बिजली ट्रांसफार्मर के नीचे जो लोग अपनी रेहड़ी फड़ी या दुकान का सामान रखते हैं। उन्हें विभाग की ओर से कई बार समझाइश दी गई है। अगर कोई हादसा होता है तो दुकानदार और सामान लगाने वाले खुद जिम्मेदार होंगे।

**लालमणि प्रजापति, कनिष्ठ अभियंता**



## वॉटर स्पोर्ट्र्स अकादमी विधा सेलिंग का चयन जिला खेल परिसर अनूपपुर में संपन्न

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मध्य प्रदेश शासन के खेल और युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के दिशा निर्देश संचालक अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक टी टी नगर स्टेडियम भोपाल राकेश गुप्ता संयुक्त संचालक बालू सिंह यादव एवं वाणी साहू एवं विकास खड़ारकर एवं जलज चतुर्वेदी कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोतीउर रहमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी इसरार मंसूरी इन सभी वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में जिला खेल परिसर अनूपपुर में वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी विद्या सेलिंग का चयन आज दिनांक 11 जून को किया गया जिसमें 86 लड़के लड़कियों ने भाग लिया जिसमें 32 लोग पात्र पाए गए भोपाल से आए कोच अनिल शर्मा शेखर बाथम के द्वारा इनकी लंबाई रूपरेखा देखा और बताया कि सेलिंग एक जल क्रीड़ा है जिसमें नावों का उपयोग करके जल पर चलना और विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेना शामिल है। सेलिंग एक लोकप्रिय खेल है जो शारीरिक और मानसिक कौशल दोनों की मांग करता है, और यहां से जिसका चयन होगा उसका भोपाल वॉटर स्पोर्ट अकडमी के लिए चयन होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रामचंद्र यादव जिला खेल प्रशिक्षक वॉलीबॉल अनूपपुर अजय मंडलोई सहायक ग्रेड 3 दिनेश कुमार सिंह चंदेल ग्रामीण युवा समन्वयक विकास खंड जैतहरी मिथिलेश सिंह नेताम ग्रामीण युवा समन्वयक विकासखंड कोतमा किशन साकेत विजय पटेल विवेक यादव इत्यादि लोगों का पूर्ण सहयोग रहा है इस टैलेंट सर्च के माध्यम से अगर किसी बच्चे का चयन वॉटर स्पोर्ट्स अकैडमी भोपाल में हो गया तो निश्चित ही वह बालक और बालिका चाहे किसी वर्ग का हो निश्चित ही बहुत आगे तक जाएंगे।



## अमरकंटक में धूमधाम से मनाई गई संत कबीर दास जयंती

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में संत कबीर दास की जयंती पूरे हर्ष उल्लास विधि विधान एवं परंपरागत ढंग से पतित पावनी पुण्य सलिला मां नर्मदा जी के पुष्कर बांध पावन तट स्थल पर पूजन अर्चन आरती बंदन के साथ भक्त श्रद्धालुओं पंथ के अनुयायियों ने उत्साह उमंग के साथ मनाया। जेष्ठ माह शुक्ल पक्ष पूर्णिमा दिन 11 जून को संत कबीर दास जी पावन प्राकट्योत्सव भक्तों श्रद्धालुओं एवं समर्थकों कबीर पंथ के अनुयायियों ने परंपरागत ढंग से विधि विधान के साथ उत्साह एवं उमंग पूर्ण वातावरण में विधिवत पूजन अर्चन आरती के साथ तथा भजन कीर्तन एवं भोजन भंडारा प्रसादी कर मनाया इस दौरान उपस्थित जनों ने संत कबीर दास जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा पूजन अर्चन कर माथा टेक प्रणाम कर आशीर्वाद लिया पुष्कर बांध स्थित स्थल पर एवं खंभ पर विशेष पूजन अर्चन किया गया। जन्मोत्सव कार्यक्रम सुबह 8ः बजे से शुरू होकर रात्रि 10 बजे तक चला। सायंकाल कार्यक्रम स्थल पर आनंदी चौका बाहर से आए महंत जी के उपस्थिति में आयोजित हुआ तथा भजन कीर्तन भी संपन्न हुआ। संत कबीर दास जी के पावन जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कबीर चबूतरा आश्रम के संत मेहतरू दास, संत गणेश दास, कार्यकर्ता फूल दास सोनवानी, सुरेश सोनवानी, भूरे दास खैरवार, शिव खैरवार, भारत लाल चंद्रवंशी, राजू दास पारस रामेश्वर दास, धीरेंद्र सोनवानी सुरेंद्र दास पारस, दीपेश कुमार बघेल, भक्तिन फूलबाई, सावित्रीबाई सोनवानी, तिजिया बाई गायत्री बाई पारस महिला मंडल की कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि कबीर चबूतरा आश्रम में जेठ मास शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 10 जून को ही संत कबीर दास की जयंती परंपरागत ढंग से उल्लास पूर्ण वातावरण में पूजन अर्चन विधान के साथ मनाया गया।

## छग मुख्यमंत्री के विशेष कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी ने श्री कल्याण सेवा आश्रम में की सौजन्य मुलाकात



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** श्री कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक में छत्तीसगढ़ शासन के विशेष कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी डाक्टर रवि कांत मिश्रा ने श्री कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक के प्रबंध न्यासी स्वामी हिमाद्री मुनि महाराज से सौजन्य भेंट मुलाकात कर विभिन्न श्रेत्रिय मुद्दों पर विस्तार से विचार विमर्श किया मिश्रा को स्वामी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के लिए प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थल अमरकंटक है जो मध्य प्रदेश में स्थित है जहां पर तीन तरफ से छत्तीसगढ़ की सीमा जुड़ती है प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में छत्तीसगढ़ श्रद्धालु गण मध्य प्रदेश के अमरकंटक दर्शन एवं पर्यटन की दृष्टि से आते हैं इसलिए अमरकंटक के मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ बॉर्डर इलाकों में छत्तीसगढ़ शासन की तरफ से जो भी मूलभूत सुविधाएं यात्रियों को श्रद्धालुओं को मुहैया किया जा सके उसके लिए कार्य किया जाए जैसे कि मध्य प्रदेश अमरकंटक का छत्तीसगढ़ के गौरेला पेंड्रा से व्यवसायिक एवं यात्रा की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है चुकी अमरकंटक का सबसे निकटतम रेलवे स्टेशन पेंड्रा रोड है जहां से लाखों की संख्या में साल भर में भक्तगण आते हैं अमरकंटक इसलिए छत्तीसगढ़ शासन की सीमा में जो भी सड़क मार्ग है उसको सुरक्षित किया जाए एवं अन्य भी जन उपयोगी सुविधाओं को विकसित किया जाए जिसका विशेष कर्तव्य निष्ठ अधिकारी डॉ रविकांत मिश्रा ने स्वामी को आश्वासन दिया कि जो भी संभव मदद होगी या आपके जो भी सुझाव है उसको पूरा करने में पुरजोर प्रयास किया जाएगा। मिश्रा ने कल्याण सेवा आश्रम में स्थित मंदिर में विशेष पूजा अर्चन की तत्पश्चात मुलाकात के बाद छत्तीसगढ़ की ओर रवाना हो गये।

## सुनील की ईमानदारी, एटीएम में मिले हजारों रुपए को किया थाने के सुपुर्द

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर में ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए स्वास्थ्य सेवा से जुड़े सुनील मोटवानी निवासी वार्ड क्रमांक 3 द्वारा मंगलवार को एटीएम में मिले हजारों रुपए को ईमानदारी दिखाते हुए थाना कोतमा में पहुंचाया गया। थाना सहित नगर में जिसने भी इस घटना को सुना सभी के द्वारा सुनील की ईमानदारी की प्रशंसा किया। बताया जाता है कि मंगलवार को सुनील मोटवानी के द्वारा बस स्टैंड के पास स्थित एटीम में रुपए जमा कराने गए थे जहां पहले से ही मशीन के ऊपर पांच पांच सौ के कई नोट मिले। उन रूपयों को लेकर सुनील मोटवानी थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला के पास जमा कराया एवं सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से अपील करते हुए जिस किसी सज्जन के रूपये हो वह बैंक से प्रमाणित कर थाना प्रभारी से रुपए प्राप्त कर सकता है। आज के समय में जहां लोग चंद रुपयों के लिए बेईमानी पर उतर आते है वही हजारों रुपए मिलने पर भी ईमानदारी पूर्वक लौटाने पर नगर में चारों तरफ चर्चा हो रही है।

## खबर संक्षेप

### ई केवाईसी के बाद ही मिलेगी गैस

तेंदूखेड़ा। गैस उपभोक्ताओं को अब ई केवाईसी करवाना अनिवार्य हो गया है। हमारे प्रतिनिधि को संचालक रामकुमार ठाकुर से मिली जानकारी के अनुसार भारत पेट्रोलियम के निर्देशानुसार प्रत्येक रसोई गैस कनेक्शन धारी उपभोक्ता को ई केवाईसी करवाना जरूरी है। अन्यथा गैस सिलेंडर से वंचित हो सकतें हैं। गैस रिफिल के उपरांत ही डिलेवरी कोड देना भी जरुरी होगा।

### आसमान से बरसी आग

**रात्रि नौ बजे के बाद तक गर्म हवाएं**

तेंदूखेड़ा। इन दिनों सूर्य की सीधी किरणों के कारण भीषण गर्मी पढ़ रही है।भले ही नौ तपा में लोगों को थोड़ी सी राहत रही लेकिन इन दिनों वेहतासा गर्मी के कारण आम जन जीवन प्रभावित बना हुआ है। दोपहर 12 के बाद से सड़कें सूनी दिखाई दे रही है।लोग कूलर पंखों का सहारा ले रहे हैं। बीच-बीच में बिजली की आंख मिचौली भी और ज्यादा पीढ़ा दायक बनीं हुई है।देर रात्रि तक लू के थपेड़ो के कारण लोग खुली हवा में घूमने बैठने मजबूर बनें हुए हैं। रात्रि नौ बजे के बाद तक गर्म हवाएं चल रही है। भीषण गर्मी के चलते मूक प्राणियों पशु पक्षियों की हालत भी गंभीर बनी हुई है।मवेशी पानी की तलाश और छांव भरे वृक्षों की तलाश में विचरण करते हुए देखे सुने जा रहे हैं।

### अब राजस्व विभाग की कार्यवाही का इंतजार

**बड़ी मात्रा में शासकीय भूमि पर कब्जा और अनैतिक गतिविधियां**

तेंदूखेड़ा। पिछले तीन चार दिनों से तेंदूखेड़ा में जिहादी मानसिकता वाले परिवार द्वारा एक व्यक्ति पर किये गये प्राणघातक हमले के विरोध में रैली ज्ञापनों का दौर जारी है। तथा पुलिस के द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल तो भेज दिया है। लेकिन नगर के विभिन्न संगठनों समाजों के द्वारा इन आरोपियों के काले कारनामों पर विराम लगाने की दिशा में भी मांग रखी है। बुधवार तक राजस्व अमले द्वारा किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इनके आवासों से लेकर जामन पानी भौंरपानी फुट्टा तालाब के पीछे तरफ जो शासकीय जमीन है। बड़ी मात्रा में बेजा कब्जा बना हुआ है।उसे तत्काल प्रभाव से खाली कराया जाये। यहां से ही इनकी अवैधानिक गतिविधियां संचालित हो रही है। गौ वंश की तस्करी और चार से पांच दिनों तक जंगलों में क्रूरता पूर्वक बांधकर रखने के साथ बाहनों में भरकर भेजा जाता है। लोगों का कहना है कि राजस्व विभाग की कार्यवाही भी सभी के सामने स्पष्ट दिखनी चाहिए। लोगों का उबाल अभी शांत नहीं हुआ है। यदि लेट लतीफी या टाल-मटोल किया जायेगा तो बड़ी संख्या में लोग पुनः सड़कों पर उतर कर एक जन आंदोलन का रुप दे सकतें हैं।

### धान के बाद अब मूंग उपज में बर्बाद हो रहे किसान

**समर्थन मूल्य पर उपज ना खरीदें जाने को लेकर ओने पोने दामों में उपज बेचने मजबूर**

तेंदूखेड़ा । जिस खेती को लाभ का धंधा बनाने की दिशा में सरकारें तरह-तरह की घोषणाएं करती रहीं और किसान झांसे में आता रहा आज फिर किसान बर्बादी की राह पर खड़ा है। समर्थन मूल्य पर उपज बेचने को लेकर ज्ञापन प्रदर्शन आंदोलन की राह पर है फिर अन्नदाता किसान की कोई सुनाई ना होने के कारण अपने आप को असहाय महसूस कर रहा है। पूर्व में यही स्थिति उसके साथ धान उपज के दामों को लेकर हुआ था। यहां तक की लागत मूल्य तक नहीं निकल सके थे और यही स्थिति अब मूंग उपज की बनीं हुई है।बुबाई से लेकर फसल कटाई तक किसान लाखों रुपए बर्बाद कर चुका है और समर्थन मूल्य पर खरीद ना होने की स्थिति में व्यापारी वर्ग को ओने पोने दामों में अपनी मूंग उपज बैचने मजबूर बना हुआ है। किसानों का कहना है कि दवाई से लेकर कटाई तक मूंग फसल में काफी लागत खर्चा हो गया है। और अब समर्थन मूल्य पर मूंग उपज ना खरीदें जाने के का किसानों को 46सौ रुपये से लेकर 54 सौ रुपए क्विंटल बेचना पड़ रही है। इन मूल्यों पर किसानों को घाटा ही घाटा बना हुआ है। वैसे भी अरहर फसल को उचित दाम नहीं मिल पाये आज अरहर छः हजार रुपए प्रति क्विंटल बिक रही है। किसानों का कहना है कि सरकार केमिकलों का बहाना लेकर किसानों के साथ छलावा कर रही है। विभिन्न प्रकार के प्रेस्टीसाइडों की अनुमति भी तो सरकार निर्धारित किया करती है उसे प्रतिबंधित कर देना चाहिए।जब बाजार में ही नहीं आयेंगे तो किसान फसलों में उपयोग भी नहीं करेंगे। किसानों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि यह एक नगद मूल्य की फसल है इसमें किसान खरीफ सीजन के लिए बीज खरीदने या खाद बगैरह के साथ अन्य आवश्यकता में पूरी कर लिया करतें हैं।

### विकसित भारत के लिये समर्पित मोदी सरकार: मंत्री शिवाजी

# सरकार ने सेवा का संकल्प, सुशासन व संस्कृति को दी प्राथमिकता





हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस भाजपा कार्यालय मे प्रेस वार्ता का आयोजन कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प से सिद्धि के गौरवशाली 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नरसिंहपुर में मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने पत्रकारों को संबोधित किया इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल, विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, पूर्व जिला अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी, जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा, मंडल अध्यक्ष अंशुल नेमा उपस्थित रहे।



#### परफार्म और ट्रांसफार्म की अवधारणा हो रही चरितार्थ

पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जन-आधारित और पारदर्शी शासन की प्रतीक है, जिसने बीते 11 वर्षों में आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखी है। इसी कारण हम विकसित भारत और अमृतकाल को जमीन पुर उतरते हुए देख रहे हैं। पिछले 11 वर्षों में भारत ने गरीब और जन कल्याण के अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार रिफॉर्म, परफार्म और ट्रांसफार्म की अवधारणा को चरितार्थ कर रही है। वर्ष 2014 से पहले देश तुष्टिकरण और विभाजन की राजनीति में डूबा था, लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में अब पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस की संस्कृति स्थापित हुई है। अब न्यू नॉर्मल, न्यू ऑर्डर बन चुका है। आज देश की जनता भी कह रही है कि मोदी हैं तो मुमकिन है।

#### स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएंगे कार्य

मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में भ्रष्टाचार से ग्रस्त सरकार थी। समाज को विभाजित करना, फूट डालो और राज करो राजनीतिक संस्कृति का प्रमुख हिस्सा बन गया था। पिछले 11 वर्षों में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के ऐसे कार्य किए हैं, जिन्हें स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में "विकसित भारत" की संकल्पना सशक्त कदम से सिद्धि की ओर तेजी बढ़ रहा है। देश की सुरक्षा सुदृढ़ होने के साथ ही राजनीतिक संस्कृति को बदलकर नया रूप दिया है। यह सरकार पिछले 11 वर्षों में पारदर्शिता की एक नई मिसाल बन चुकी है। यह एक पारदर्शी और भविष्यदृष्टि वाली, यानी भविष्यवादी सरकार है।

#### 11 वर्ष पूर्ण होने पर लगाई गई प्रदर्शनी

जिला भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर में केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा सुशासन गरीब कल्याण व जन हितैषी योजनाओं पर केन्द्रित प्रदर्शनी लगाई गई जिसका मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल ने नेता गणों की उपस्थित में उद्घाटन कर अवलोकन किया इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारीगण जनप्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे तत्पश्चात यह प्रदर्शनी जनता को देखने हेतु खोली गई। मंत्री शिवाजी पटेल ने कहा कि अगर साहसिक निर्णयों की बात करें, तो 11 वर्षों में लिए गए सभी निर्णायक फैसले ऐसे हैं, जिन्होंने भारतीय राजनीति में ऐतिहासिक मोड़ लाए हैं। अनुच्छेद 370 का हटाया जाना एक ऐसा राजनीतिक नैरेटिव था, जिसे देश मान चुका था कि यह संभव नहीं है। लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह धारणा टूट गई, अनुच्छेद 370 समाप्त हुआ और आज हम इसके परिणाम देख रहे हैं। मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि ऑपरेशन गंगा के तहत यूक्रेन से न केवल भारतीय नागरिकों को सुरक्षित वापस लाया गया, बल्कि अन्य देशों के नागरिकों को भी भारत के झंडे तले सुरक्षित निकासी मिली। कोविड काल में वंदे भारत मिशन के माध्यम से 67 लाख से अधिक लोगों को स्वदेश लाया गया। ऑपरेशन देवी शक्ति के तहत अफगानिस्तान से नागरिकों को सुरक्षित निकाला गया।

#### महिलाओ को दिया उनका हक एवं सम्मान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की संसद में व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उनका हक व सम्मान देने का काम किया है। तीन तलाक जैसी कुरूती को खत्म किया है। 10 करोड से अधिक महिलाओं को स्वसहायता समूह व 3 करोड महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मुद्रा योजना के अंतर्गत 35.38 करोड महिलाओं को ऋण दिया गया है। इसी के साथ ही मातृत्व योजना से 3.98 करोड महिलाओं को आर्थिक लाभ पहुचाया है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान कर महिलाओं को सशक्त किया गया। जब चंद्रयान की तस्वीरें सामने आईं, तो उसमें सबसे अधिक महिला वैज्ञानिक दिखाई दीं। आज महिलाएं पायलट से लेकर सेना में स्थायी कमीशन प्राप्त कर रही हैं।

## 105 सिविल डिफेंस वॉलेंटियर को दिया गया प्रशिक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला प्रशासन आपदा के निर्देशानुसार डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड एवं एसडीआरएफ की टीम द्वारा जनपद पंचायत गोटेगांव में 105 सिविल डिफेंस वॉलेंटियर को आपदा संबंधी प्रशिक्षण दिया गया और उन्हें जानकारी दी गई। वॉलेंटियर को नागरिक सुरक्षा व नागरिक सुरक्षा की 12 सेवायें, उनके कार्य, आग व आग के प्रकार, अग्निशमन यंत्र व उसके चलाने का तरीका, सीपीआर, इमरजेंसी व लिफ्टिंग मूविंग, प्राथमिक उपचार व पट्टी बांधना, स्प्लिंट का उपयोग, विक्टिम को स्टेबलाइजेड करना और आपदा उपकरणों की जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड टीआर चैहान के मार्गदर्शन में प्लाटून कमांडर वीरेंद्र सूर्यवंशी, सुन्दर ऊईकार एवं एसडीआरएफ की टीम द्वारा दिया गया।

## न्याय महाअभियान का आयोजन 15 से

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य शासन के जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में धरती आबा जनजातीय उत्कृष्ट अभियान- डीएजीयूए और प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान- पीएम जनमन जागरूकत और लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान 15 जून से 30 जून 2025 तक शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी- कर्मचारी को निर्देशित किया है कि वे अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों को निर्धारित शिविर स्थलों में उपस्थित कराकर शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया जाना सुनिश्चित करेंगे। उक्त अधिकारी- कर्मचारी संबंधित शिविर स्थलों में उपस्थित रहकर शासकीय विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभांवित करते हुए सेक्टर अधिकारी, नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारियों को कार्य की प्रगति से अवगत करायेंगे। जारी आदेश के अनुसार संबंधित ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम रोजगार सहायक द्वारा राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, ई- केवायसी, दिव्यांग पेंशन, मनरेगा, समग्र सीडिंग, उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएमएसबीवाय, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना से संबंधित कार्य करेंगे। सीएससी के अधिकारी- कर्मचारी ई- केवायसी व आधार कार्ड व अपडेशन से संबंधित कार्य करेंगे। पटवारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, केसीसी कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि से संबंधित कार्य करेंगे। आशा कार्यकर्ता द्वारा आयुष्मान कार्ड, टीकाकरण, सिकिल रोग की पहचान, परीक्षण और जागरूकता के लिए प्रचार- प्रसार, मिशन इंद्रधनुष, एससीडी कार्ड एवं टीबी मफकत भारत से संबंधित कार्य करेंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, आईसीडीएस योजना के तहत पोषण आहार वितरण व कुपोषण की जांच से संबंधित कार्य करेंगे। संबंधित ग्राम के क्षेत्रांतर्गत आने वाले बैंकों के वीसी जनधन खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, केसीसी कार्ड, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम मुद्रा लोन, स्टेंड अप इंडिया, वनधन योजना से संबंधित कार्य करेंगे। कृषि विभाग के अधिकारी किसान क्रेडिट कार्ड और पशु पालन विभाग के कर्मचारी पशु केसीसी कार्ड संबंधी कार्य करेंगे। इसके अलावा जारी आदेश में संबंधित अधिकारी- कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। विकासखंड नरसिंहपुर की 27 ग्राम में लगाये जायेंगे शिविर, विकासखंड गोटेगांव की 21 ग्राम में लगाये जायेंगे शिविर, विकासखंड करेली की 12 ग्राम में लगाये जायेंगे शिविर, विकासखंड चांवरपाठा की 5 ग्राम में लगाये जायेंगे शिविर, विकासखंड सांईखेड़ा की 3 ग्राम में लगाये जायेंगे शिविर, विकासखंड बाबई चीचली की 22 ग्राम में लगाये जायेंगे शिविर

## सर्व ब्राम्हण सभा ने किया प्रांजल शर्मा को सम्मानित



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर

गत दिवस सर्व ब्राम्हण महिला एकता परिषद द्वारा प्रांजल शर्मा का सम्मान किया गया। ज्ञात हो कि सर्व ब्राम्हण महिला एकता परिषद द्वारा 8 वें बालिका प्रतिभा सम्मान के अंतर्गत सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर की प्रतिभावान छात्रा प्रांजल शर्मा को हाई स्कूल बोर्ड 2025 में 81 प्रतिशत अंक अर्जित करने पर शील्ड प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर उनकी माताजी को भी शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया शाला परिवार द्वारा छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

## नरसिंह तालाब में की गई मां नर्मदा की आरती



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर

विगत वर्ष पहले नर्मदाजी के नरसिंह तालाब में आने पर नर्मदा जी की महाआरती मात्रशक्तियो द्वारा प्रारंभ की गई थी। लेकिन कुछ दिनों बाद नर्मदा जल आना बंद हो गया। इसके कारण नरसिंह तालाब में दूषित जल आने पर प्रत्येक अमावस्या और पूर्णिमा को मन्दिर में मां नर्मदा की प्रतीकात्मक आरती होने लगी। जो गत तीन वर्षों से निरंतर चल रही है। गर्मी हो या बरसात, होली हो या दिवाली। मात्रशक्तियो ने इस आरती को रुकने नही दिया इसी विश्वास के साथ कि पुनः नर्मदा ही नरसिंह तालाब में आएंगी। नर्मदा आरती की मात्रशक्तियो द्वारा नरसिंह मन्दिर के पुजारी गुरुदेव बड्डु महाराज का जन्मदिन शॉल श्रीफल के साथ मनाया। नर्मदा आरती में नीना बुधौलिया, मंजुलता पांडे, अर्चना नेमा, मनीषा पुरोहित, प्रतीक्षा वर्मा ,अर्चना रेजा, उषा अग्रवाल, नीना अग्रवाल की सक्रिय भूमिका रही।

## मुख्यमंत्री जन कल्याण कार्यक्रम कल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री जनकल्याण- संबल योजना की अनुग्रह सहायता राशि के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण का कार्यक्रम 13 जून को बरगी जबलपुर में प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि वितरित करेंगे। उक्त कार्यक्रम का प्रदेश के सभी जिलों में लाइव प्रसारण किया जायेगा। जिले की सभी जनपद पंचायतों व नगरीय निकायों के एनआईसी केन्द्रों में योजना में पंजीकृत श्रमिकों तथा हितग्राही की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जायेगा। इस दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण को देखने व सुनने की व्यवस्था की जायेगी। जिला मुख्यालय के एनआईसी कक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

## विधायक ने किया पुलिस चौकी का शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना मुंगवानी अंतर्गत ग्राम गोरखपुर में जनपतिनिधियों एवं स्थानीय आमजनों की मांग पर पुलिस चैकी स्थापित की गयी है। गोटेगांव क्षेत्र के विधायक महेन्द्र नागेश एवं अन्य जनप्रतिनिधयों द्वारा ग्राम गोरखपुर में स्थापित पुलिस चैकी का दौरा किया गया। उक्त पुलिस चैकी स्थापित होने से पुलिस की उपस्थिति बनी रहेगी। जिससे आस-पास के क्षेत्रों के ग्रमीण अपनी शिकायत को समय पर दर्ज करा सकते है। जिससे उनके समय की बचत होगी एवं उनकी शिकायतों का समय पर निराकरण होगा। इसके साथ ही क्षेत्र में आपराधिक तत्वों व आपराधिक गतिविधियों पर सतत निगाह रखी जावेगी और यातायात व्यवस्था मे भी सुधार के प्रयास किए जा रहे है।

## डंपर ने बस को मारी टक्कर, 10 घायल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर

जिले के सुआताला थाना क्षेत्र में बीती रात एक सड़क हादसा हुआ। जबलपुर से इंदौर जा रही लोकसेवा ट्रेवल्स की बस ग्राम सरसला के पास यात्रियों को उतारने के लिए रुकी थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे डंपर ने बस में टक्कर मार दी। हादसे में बस में सवार 10 यात्री और डंपर चालक घायल हुए हैं। रात करीब 11 बजे हुई इस टक्कर से बस का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। यात्री सीटों से गिर गए। 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोसरा ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल नरसिंहपुर रेफर किया गया। सुआताला पुलिस ने डंपर को जब्त कर चालक को हिरासत में लिया। लोकसेवा ट्रेवल्स की दूसरी बस बुलाकर शेष यात्रियों को उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। उक्त बस जबलपुर से इंदौर के लिए नियमित रूप से चलती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। डंपर चालक की लापरवाही के लिए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

